नाचे मेरा बजरंगी | by Vicky Sandhu

पाँव में घुँघरू राम नाम जपे हाथ में लेकर काल
नाचे मेरा बजरंगी दे ता था थैया ताल

राम नाम की धुन पे नाचे होके मस्त दीवाना
राम राम ही राम जपे ये गाये राम तराना
देखो कितना प्यारा लागे, माँ अंजनी का लाल
नाचे मेरा बजरंगी दे ता था थैया ताल

राम नाम की बूटी भैया जब इसने थी खाई
ऐसी भरी छलांग जा सोने की लंका जलाई
बाग़ उजड़ा रावण का और अक्षय का किया संहार
नाचे मेरा बजरंगी दे ता था थैया ताल

राम भक्त बजरंगी का जो मन में ध्यान लगाये
चौरासी का खेल भी भैया उसे फसा ना पाए
ओट तू लेले राम नाम की करेगा भव से पार
नाचे मेरा बजरंगी दे ता था थैया ताल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%9a%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80-by-vicky-sandhu/